दिन–मंगलवार दिनांक– 02 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

02. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई सीट से अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. कांग्रेस ने भागलपुर से अजीत शर्मा, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और कटिहार संसदीय क्षेत्र से तारिक अनवर को उम्मीदवार बनाया।

04. और, पटना उच्च न्यायालय ने कहा – जो नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास नहीं करते हैं या परीक्षा में शामिल नहीं होते हैं, वे भी सेवा में बने रहेंगे।

————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। श्री मोदी ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को सभी सीटों पर जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने भाजपा और एनडीए को मजबूत बनाने का संकल्प ले लिया है। श्री मोदी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मजबूती के साथ काम करना होगा।

———बाईट———

श्री मोदी ने इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद भी किया।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि देश के लोगों ने इस बार एनडीए चार सौ पार का मन बना लिया है। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की।

————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राज्य की चार लोकसभा सीटों गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई से अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। आज नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। हालांकि गया संसदीय सीट से एक उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्द किया गया। उनके नामांकन पत्र में त्रुटि पायी गयी थी। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गया संसदीय सीट से चौदह, जमुई से सात, नवादा से आठ और औरंगाबाद से नौ उम्मीदवार

चुनाव मैदान में हैं। इन सीटों पर बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिसमें चौंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। इस चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है।

————————————————————

कांग्रेस ने भागलपुर, किशनगंज और कटिहार संसदीय क्षेत्र से अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भागलपुर से अजीत शर्मा, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और कटिहार से तारिक अनवर पार्टी प्रत्याशी होंगे। गौरतलब है कि इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के तहत कांग्रेस के खाते में नौ सीटें आयी हैं। वहीं, राजद छब्बीस और भाकपा–माले समेत अन्य वामदल पांच सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

————————————————————

मुजफ्फरपुर से भाजपा के निवर्तमान सांसद अजय निषाद आज कांग्रेस में शामिल हो गये। दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी मौजूद थे। अजय निषाद इस बार भाजपा की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण नाराज चल रहे थे। उनकी जगह पार्टी ने इस बार मुजफ्फरपुर सीट से राजभूषण निषाद को अपना उम्मीदवार बनाया है।

————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस और समस्तीपुर से पार्टी के सांसद प्रिंस राज ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से नई दिल्ली में मुलाकात की। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री पारस ने बिहार में एनडीए के सभी चालीस उम्मीदवारों को समर्थन देने की बात कही है।

————————————————————

निर्वाचन आयोग ने भोजपुर के जिलाधिकारी राज कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव और नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल को तत्काल प्रभाव से अपने पद से हटा दिया है। साथ ही आयोग ने इन चारों पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव पूरा होने तक किसी भी तरह की चुनावी ड्यूटी पर नहीं लगाने का निर्देश दिया है।

————————————————————

निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र निष्पक्ष और सुगम मतदान के लिए समय समय पर कई प्रयोग किये हैं। इनमें ईवीएम और वी वी पैट भी एक है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारत में चुनाव के लिए लम्बे समय तक वैलेट बॉक्स का इस्तेमाल किया जाता रहा है। तब इलैक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के बारे में लोग जानते भी नहीं थे। लोग पर्चियों पर वोट देते थे और उन्हें सीलबन्द मतपेटियों में डाल देते थे। इसके बाद लम्बी और थकाऊ मतगणना प्रक्रिया हाथ से सम्पन्न की जाती थी। इस प्रक्रिया में बडी मात्रा में कागज का इस्तेमाल होता था और अत्यधिक समय लगता था। इससे गलती होने की आशंका भी रहती थी। 1990 के दशक के आखिर में भारत में इलैक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल शुरू हुआ। इनसे मतदान प्रक्रिया में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ, कागज की पर्चियों का वोट देने के लिए इस्तेमाल बंद हो गया और मतगणना प्रक्रिया सुगम और आसान हो गई। दुर्गेश भदौरिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सकलेन अखतर।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव में आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं और अन्य गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए बिहार समेत छह राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा भी शामिल हैं। ये पर्यवेक्षक, विशेष तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में अलोकतांत्रिक चुनावी गतिविधियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान देंगे।

————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे समस्तीपुर और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

समस्तीपुर जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों मे जुटा है। चौथे चरण में 13 मई को जिले के दो संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर (सुरक्षित) और उजियारपुर में चुनाव होंगे। जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर असामाजिक तत्वों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है और जिले में सधन जांच अभियान चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए विभिन्न कोषांगों को सक्रिय कर दिया गया है।

बाइट———डी एम 1

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में स्वीप अभियान के तहत लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बाइट———डी एम 2

पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं मे काफी उत्साह देखा जा रहा है।

बाइट—युवा मतदाता

इधर, जिले में राजनीतिक दलों की भी सक्रियता बढ़ गई है। विभिन्न दलों के नेता लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने कहा है कि जो नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास नहीं करते हैं या परीक्षा में शामिल नहीं होते हैं, वे भी सेवा में बने रहेंगे। मुख्य न्यायाधीश कुमार विनोद चन्द्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक याचिका की सुनवाई

के बाद आज फैसला सुनाया। न्यायालय ने नियमावली–बारह के तहत अपीलीय प्राधिकार को खत्म करने संबंधी नियम को भी खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि शिक्षकों के लिए अपीलीय प्राधिकार की व्यवस्था पूर्व की तरह जारी रहेगी। गौरतलब है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमिटी ने सरकार से अनुशंसा की थी कि जो भी नियोजित शिक्षक पांच बार सक्षमता परीक्षा में अनुपस्थित रहते हैं या अनुत्तीर्ण होते हैं तो उनकी सेवा समाप्त की जा सकती है। इसके विरोध में नियोजित शिक्षकों ने पटना उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई जगहों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापामान मे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के साधनापुरी से अपराधियों ने हथियार के बल पर एक पेट्रोल पंप संचालक से चौंतीस लाख रूपये लूट लिये। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के महमदपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में अगलगी की घटना में दो बच्चों की झुलसकर मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में आठ झोपड़ियां जलकर राख हो गई।

———————————————————————

मधुबनी जिले के पिपराही के पास एसएसबी की टीम ने अंठानवे किलो गांजा के साथ नेपाल के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा कोठी थाना क्षेत्र से पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के मुंढेरी गांव में पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर दो सौ चालीस बोतल शराब जब्त की है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

02. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई सीट से अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. कांग्रेस ने भागलपुर से अजीत शर्मा, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और कटिहार संसदीय क्षेत्र से तारिक अनवर को उम्मीदवार बनाया।

04. और, पटना उच्च न्यायालय ने कहा – जो नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास नहीं करते हैं या परीक्षा में शामिल नहीं होते हैं, वे भी सेवा में बने रहेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।